हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026

4

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]


दीनेश्वर महादेव मंदिर में मनाया गया जन्मोत्सव



## खबर संक्षेप

### जुआ खेल रहे दर्जन भर जुआरियों को पकड़ा

**बिर्रा।** सोनादह के आम बगीचा में जुआ खेल रहे 12 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो अलग अलग प्रकरण में 15 हजार 970 रुपए व ताश पत्ती बरामद किया है। मामला बिर्रा थाना अंतर्गत ग्राम सोनादह का है। इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा पुलिस द्वारा 1 अप्रैल को जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। जिसमें मुखबीर की सूचना पर बिर्रा पुलिस स्टॉफ के द्वारा ग्राम सोनादह आम बगीचा के पास घेराबंदी कर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर जुआ रेड की कार्यवाही कर जुआडियानों को पकड़ा गया जिनके विरूद्ध दो फड़ संचालित होना पाये जाने से धारा 3(2) छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत अलग - अलग दो प्रकरण की कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रदीप कुमार, कृष्णा मनहर, शिवा निराला, दुर्गेश साहू, लोकनाथ खूंटे, खोलबहरा रात्रे, डहारू कश्यप, मंजित सारथी, धर्मेश कुमार धीवर, सम्मेलाल कश्यप, राकेश साहू एवं खिरोज कुमार रात्रे को गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक तीजराम जांगडे, प्रधान आरक्षक गौतम गोविन्द पाण्डेय, प्रधान आरक्षक दोमनिक तिग्गा, आरक्षक रघुवीर यादव, रामसाय साहू, दिलीप कश्यप, पतिराम यादव, राजकुमार जोशी, जनक राम कश्यप का विशेष योगदान रहा।

### किराना दुकान में चोरी दो शातिर चोर गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** किराना दुकान में चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली के देवाटन बिरगहनी का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शोभाराम साहू निवासी बिरगहनी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बिरगहनी चौक में किराना की दुकान चलाता है। दुकान संचालक 31 मार्च की रात में अपनी किराना दुकान में ताला बंद करके अपने घर चला गया था। अगले दिन 1 अप्रैल की सुबह आकर देखा तो इसकी किराना दुकान का ताला टूटा हुआ था। अज्ञात चोरों के द्वारा इसकी दुकान में रखें राशन का सामान कीमती 10 हजार को चोरी कर लिया गया। थाना प्रभारी जांजगीर जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में थाना कोतवाली के द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया। जिसमें दो लड़के संदिग्ध हालत में घटना स्थल के आस पास समय घूमते मिले फुटेज का बारीकी से अवलोकन करने पर संदेहियों की पहचान अमित पटेल और राजवीर सिंह निवासी बिरगहनी के रूप में हुई। दोनों आरोपियों ने प्रार्थी के किराना दुकान में राशन का सामान चोरी करने का अपराध घटित करना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी गए राशन की सामग्री कीमती 10 हजार को बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### शराब के नशे में महिला से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शराब के नशे की हालत में एक युवक ने महिला से मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीडित महिला ने अकलतरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 मार्च की रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच मस्जिद मोहल्ला निवासी इब्राहिम खान उर्फ नक्कू उम्र 29 वर्ष शराब के नशे में उसके घर पहुंचा। आरोपी ने महिला के साथ अश्लील गाली-गलौच करते हुए, पैसों की मांग की पैसे नहीं देने पर आरोपी ने महिला और उसकी मां के साथ मारपीट की तथा बाल पकड़कर घसीटा, जिससे दोनों को चोटें आईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने के तहत धारा 296, 351(3), 115(2), 119(1) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की।

### अंग्रेजी और संस्कृत के भी हालात कुछ ठीक नहीं, अभी जांच पूरी करने के लिए तीन दिन का समय

# बोर्ड परीक्षा की कॉपी जांचने व्यावसायिक शिक्षकों की कमी, नहीं मिल रहे वेलुअर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

माशिमं के कॉपियों की जांच के लिए अब केवल तीन दिन का समय है। 7 अप्रैल तक जांच पूरा करना है, हालांकि यहां एक दिन पहले पूरा करने का टारगेट रखा गया है। दूसरी ओर अंग्रेजी, संस्कृत और व्यावसायिक विषयों के शिक्षक ही नहीं है। हालात यह है कि इन विषयों की कॉपियों की संख्या जांच के लिए ज्यादा बाकी है। ब्यूटी एंड वेलनेस के शिक्षक भी नहीं है। इसलिए इस विषय की कॉपी दोनों कक्षा की बाकी है। शहर के दो सेंटर पुत्री शाला और नटवर स्कूल में बोर्ड के कॉपियों की जांच हो रही है। 7 अप्रैल तक जांच पूरी करने की डेड लाइन है। हालांकि 95 फीसदी जांच पूरी हो गई है। कुछ विषय ही है जो जांच के लिए बाकी है। इसमें संस्कृत, अग्रेजी और व्यावसायिक विषय शामिल है। इन विषयों के शिक्षकों की कमी है, इसके कारण वेल्यूअर नहीं मिल पा रहे हैं। व्यावसायिक विषय के शिक्षक तो ठेका श्रमिक हैं जो किसी एनजीओ के माध्यम से जिले के 15 स्कूलों में पदस्थ हैं। उनमें से कुछ आते हैं तो कुछ शिक्षक गायब रहते हैं। दोनों कक्षा 10-12 वीं में व्यावसायिक विषय ब्यूटी एंड वेलनेस की कॉपी दोनों ही सेंटर में बाकी है।

**खास बात**

- ब्यूटी एंड वेलनेस के शिक्षक भी नहीं , दोनों कक्षा में इस विषय की बाकी है कॉपी



#### 10 को हिंदी का पेपर

कक्षा 12 वीं के हिंदी विषय के कैंसिल किए गए पर्चा 10 अप्रेल को होगी। परीक्षा के बाद जांच के लिए इस विषय की कॉपी दोबारा आएगी। पहले हुई परीक्षा की कॉपी तो आ गई थी, लेकिन उसे बैरंग याने बिना जांच लौटाना पड़ा। अब इसकी परीक्षा होने के बाद कॉपी पहले बोर्ड जाएगी । वहां इकट्ठा होने कें बाद दोबारा जांच सेंटरों में भेजी जाएगी। याने 15 अप्रैल से पहले यह कॉपी जांच के लिए यहां नहीं पहुंचेगी। तब तक इंतजार करना पड़ेगा। दूसरी ओर 10 अप्रैल को होने वाली परीक्षा की तैयारी भी स्कूलों को दोबारा करना पड़ रहा है।

#### तीन हजार कॉपी पुत्रीशाला में बाकी

पुत्री शाला में जांच के लिए करीब तीन हजार कॉपी बाकी है। इसे तीन दिन के भीतर पूरा करना है। इसमें संस्कृत और अंग्रेजी के अलावा व्यावसायिक विषय शामिल है। पुत्री शाला में कक्षा 10 वीं के संस्कृत विषय के 6 हजार 800 कॉपी आई थी। इसमें 4913 की जांच पूरी हो चुकी है। अभी इस सेंटर में 1117 कॉपी जांच के लिए बाकी है। इसी तरह कक्षा 12 वीं के अंग्रेजी की कॉपी 6910 आई थी, इसमें 4424 की जांच पूरी हो गई है। 1840 कॉपी जांच के लिए बाकी है। इसी तरह बिजनेस स्टडी के 309 कॉपी बाकी है।

#### ऑटोमोबाइल और ब्यूटी वेलनेस के शिक्षक ही नहीं

दिलचस्प बात यह है कि जिले में दो विषय के तो शिक्षक ही नहीं है। इसमें ऑटोमोबाइल सर्विस टेक्नोलॉजी और ब्यूटी एंड वेलनेस विषय शामिल है। ऑटोमोबाइल सर्विस टेक्नोलॉजी के 74 और ब्यूटी एंड वेलनेस के 36 कॉपी आई थी, दोनों विषय की जांच अब तक शुरु नहीं हो पाई है। दोनों के शिक्षक ही अब तक वेल्यूशन सेंटर में पहुंचे नहीं हैं। 10 वीं में भी ऑटोमोबाइल टेक्नीशियन और ब्यूटी एंड वेलनेस की कॉपी बाकी है।

### नदी किनारे बना रहे थे अवैध शराब, 190 लीटर जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने 3 अप्रैल को ग्राम घरघोड़ी के खेत धरहा नदी किनारे दबिश देकर अवैध शराब बनाने को पकड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी छोटू डनसेना को अवैध रूप से महुआ शराब बनाते हुए रंगे हाथों पकड़ा है।

पुलिस ने मौके से करीब 190 लीटर शराब अनुमानित कीमत 19 हजार जब्त किया है। साथ ही शराब बनाने में प्रयुक्त बर्तन समेत अन्य उपकरण भी जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर संचालित 8 अवैध भट्ठियों को भी नष्ट किया गया। आरोपी छोटू डनसेना पिता अनंत सिंह डनसेना 37 निवासी घरघोड़ी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34, 2ए 59, क के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## महतारी वंदन के लिए ई केवाईसी की ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के द्वितीय चरण के ई.केवाईसी कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने हेतु जनपद पंचायत लैलूंगा एवं तमनार में संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी एवं मैदानी अमला उपस्थित रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में सीएससी जिला प्रबंधक रवि सिंह द्वारा दोनों विकासखंडों के सभी सीएससी सेंटर संचालकों एवं आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में ई.केवाईसी प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं, आवश्यक दस्तावेजों एवं समय.सीमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना के सभी हितग्राहियों का ई.केवाईसी किया जाना अनिवार्य है। इसके लिए 1 अप्रैल से 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि प्रत्येक पात्र हितग्राही का सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके।

## सरकारी जमीन से हटाया गया बिल्डर का अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लंबे समय बाद राजस्व अमला जागा है। शहर और शहर के आसपास अतिक्रमण की बाढ़ आने के बाद उसे हटाने की याद आई है। सरकारी जमीनों पर कब्जा को लेकर कई बार प्रमुखता से खबर भी हरिभूमि ने प्रकाशित की थी, लेकिन कार्रवाई शून्य थी। अब जागे हैं तो उम्मीद है कुछ कार्रवाई होगी। शुक्रवार को सांगीतराई में खसरा नंबर 382, रकबा 0.243 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर अनुभव बिल्डर्स द्वारा कब्जा किया की जा रही अवैध बाउंड्रीवाल को ध्वस्त कर भूमि को कब्जामुक्त किया गया।

**खास बात**

- लंबे समय बाद जागा राजस्व अमला, रामपुर में सरकारी जमीन से हटाया अवैध कब्जा

रायगढ़ शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण के मामलों पर कठोर रुख अपनाते हुए तहसील रायगढ़ एवं तहसील पुसौर में राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण विरोधी अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाते हुए बेदखली की कार्यवाही की गई। नगर निगम सीमा से लगे ग्राम बड़े रामपुर में शासकीय भूमि रकबा 07 डिसमिल पर अनाधिकृत रूप से संचालित फेब्रिकेशन दुकान को हटाकर मुख्य सड़क मार्ग से लगी लगभग 10 डिसमिल भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। ग्राम सांगीतराई में खसरा नंबर 382, रकबा 0.243 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर अनुभव बिल्डर्स द्वारा की जा रही अवैध बाउंड्रीवाल को ध्वस्त कर भूमि को कब्जा मुक्त किया गया।



#### कॉलोनी के लिए कॉलोनाइजर ने किया कब्जा

पुसौर तहसील के ग्राम छातामुड़ा में भूमिस्वामी ओंकार सिंह बग्गा द्वारा अपने भूमिस्वामी हक से लगी शासकीय भूमि पर कालोनाइजेशन के उद्देश्य से सड़क निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था। खसरा नंबर 252 अंतर्गत लगभग 2400 वर्गफुट भूमि पर किए गए इस अतिक्रमण के कारण एक प्राकृतिक नाले का बहाव भी अवरुद्ध हो रहा था। राजस्व विभाग ने उक्त अवैध सड़क को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया तथा नाले का प्रवाह बहाल किया।

#### एनएच पर अतिक्रमण ढहाया प्रीकास्ट वॉल

तहसील पुसौर के ग्राम लोहरसिंग में राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी शासकीय भूमि पर कब्जा करने के उद्देश्य से एक निजी व्यक्ति द्वारा प्रीकास्ट वॉल खड़ी की गई थी। उक्त अतिक्रमण को भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ध्वस्त कर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की संभावना को समाप्त किया गया। अभियान के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश शर्मा समेत उनकी टीम मौजूद रही।

## शराबी पति को पत्नी की नसीहत गुजरी नागवार, हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

शराबी पति को अपनी पत्नी की नसीहत इतनी नागवार गुजरी की वह गमछा से गला घोटकर पत्नी की हत्या कर दिया। इसके बाद रात करीब साढ़े 12 बजे अपने पिता को उठाकर इसकी जानकारी दी।

जब पिता को पता चला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने उसी वक्त ही पुलिस को इसकी सूचना दी। शुक्रवार को सुखीराम साहू पिता स्व. फिरतूराम साहू 70 निवासी खजरी द्वारा बिलाईगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। उसने बताया कि 02 अप्रैल की रात में वह भोजन उपरांत घर में आराम कर रहा था। रात करीब साढ़े 12 बजे पुत्र राजेश साहू द्वारा उसे जगाकर बताया गया कि उसने अपनी पत्नी कुन्ती साहू की गला दबाकर हत्या कर दिया है। जिस पर प्रार्थी द्वारा इसकी जानकारी थाने में दी गई। बिलाईगढ थाना प्रभारी ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया और कार्रवाई करते हुए आरोपी राजेश साहू जो भागने के फिराक में था ग्रामीणों की मदद से पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। उसने गमछा से अपने पत्नी कुन्ती साहू 38 साल का गला घोटकर हत्या करने की बात स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही पर गमछा को पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। आरोपी द्वारा अपराध कारित करने में प्रयुक्त गमछा को जलाकर नष्ट करने का प्रयास कर रहा था, परंतु पुलिस की तत्परता से आरोपी गमछा को जलाने में सफल नही हो पाया। आरोपी राजेश साहू शराब पीने का आदि था। बीती रात को आरोपी का अपने पत्नी मृतिका कुन्ती साहू से विवाद हुआ था जिसमें आरोपी के बताए अनुसार मृतिका द्वारा उसे शराब पीते रहते हो कोई काम नहीं करते हो, सब जमीन जायदाद बेंच दूंगी, तुम्हारे खिलाफ थाने में शिकायत कर दूंगी, जेल भेजवा दूंगी बोलकर वाद विवाद कि थी। इसी कारण आरोपी द्वारा अपनी पत्नी का गमछा से गला घोंट कर हत्या कर दिया।



## प्रदूषण के खिलाफ कांग्रेस का आक्रोश, बंद करने की चेतावनी

**रायगढ़।** जिले में बढ़ते प्रदूषण फ्लाईएश डंपिंग और श्रमिक सुरक्षा की अनदेखी को लेकर कांग्रेस ने अब खुलकर मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शाखा यादव ने उद्योगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ये कंपनियां स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य, पर्यावरण और रोजगार के अधिकारों से खिलवाड़ कर रही हैं। जिले के उद्योगों में स्थानीय युवाओं की अनदेखी कर बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है जो न केवल सामाजिक असंतुलन पैदा कर रहा है बल्कि स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी की समस्या को भी बढ़ा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि फ्लाईएश का जहां तहां खुलेआम डंपिंग किया जा रहा है जिसके डस्ट से आमजन का जीना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि आज हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि जिले में कैंसर, लंग्स इंफेक्शन और त्वचा रोग जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। रायगढ़ में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की आमदरफ्त से इस बात का संकेत है कि स्थिति कितनी चिंताजनक हो चुकी है। पेड़.पौधों तक पर काले धूल की मोटी परत जम गई है, जिससे उनका विकास रुक गया है और पर्यावरण का संतुलन बिगड़ चुका है।

### कारगिल से वीडियो बनाकर भेजा संदेशा, इसके पहले बैंगलुरु में हो चुकी है सप्लाई

# जैविक जवाफूल चावल की देशभर से डिमांड, कारगिल तक पहुंची खुशबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा का केलो जैविक जवाफूल चावल की खुशबू अब कारगिल तक पहुंच चुकी है। इसके पहले बेंगलुरु में इस चावल की सप्लाई वहां के किसानों द्वारा की जा चुकी है। याने अब देश के कोने-कोने तक यहां के चावल की खुशबू पहुंच चुकी है। इसकी डिमांड बढ़ने लगी है। कुछ दिन पहले कारगिल से वीडियो के माध्यम से इस चावल की डिमांड की गई थी। उन्होंने वीडियों में वहां के खुबसूरत वादियों को दिखाया भी था। अब वहां किस तरह से चावल भेजा जाएगा वहां के किसान इसकी तैयारी कर रहे हैं। यह चावल आज अपनी विशिष्ट सुगंध, स्वाद और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण एक अलग पहचान स्थापित कर चुका है। पारंपरिक रूप से उगाई जाने वाली यह धान की किस्म अब किसानों के लिए आय का मजबूत माध्यम बन रही है। इस उत्पाद को व्यवस्थित रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे यह स्थानीय स्तर से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। किसानों द्वारा अपनाई जा रही जैविक पद्धति और बेहतर विपणन व्यवस्था के कारण इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। जंवाफूल धान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्राकृतिक सुगंध और स्वाद हैए जो लैलूंगा क्षेत्र की विशिष्ट जलवायु में ही पूर्ण रूप से विकसित हो पाती है। यहां की भौगोलिक परिस्थितियां.दिन में पर्याप्त गर्मी और रात में हल्की ठंडक इस धान की गुणवत्ता को विशेष बनाती हैं। यही कारण है कि इस क्षेत्र में उत्पादित चावल का स्वाद और खुशबू अलग पहचान रखता है और उपभोक्ताओं के बीच इसकी मांग निरंतर बढ़ रही है। केलो जैविक जंवाफूल चावल की मांग अब छत्तीसगढ़ से बाहर भी तेजी से बढ़ रही है।



#### दो हजार एकड़ में खेती

यहां किसान समूहों और एफपीओ के माध्यम से उत्पादन और विपणन को संगठित किया जा रहा है। बीत साल जहां 700 एकड़ में इसकी खेती की गई थी। वहीं इस साल इसे बढ़ाकर 2 हजार एकड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे अधिक से अधिक किसान इस लाभकारी फसल से जुड़ सकें। केलो जैविक जंवाफूल चावल अब लैलूंगा की एक मजबूत पहचान बन चुका है। यह न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है, बल्कि क्षेत्र को एक नई पहचान भी दिला रहा है।

#### बेहतर मिल रहा प्रतिसाद

बेंगलुरु, चेन्नई, तेलंगाना, लद्दाख और कारगिल जैसे क्षेत्रों में इसकी अच्छी मांग है। वर्तमान में इसका बाजार मूल्य लगभग 150 रुपये प्रति किलो है, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हो रहा है। वहीं बीज भी किसानों को 70 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे अधिक किसान इस फसल की खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं। किसान चंद्रशेखर पटेल बताते हैं कि उनके परिवार में लंबे समय से जंवाफूल चावल की खेती की जा रही है, लेकिन अब इसकी मांग और पहचान में काफी वृद्धि हुई है। इस वर्ष उन्होंने 4 एकड़ में इसकी खेती की, जिसमें प्रति एकड़ लगभग 30 हजार रुपए की लागत आई। उन्हें प्रति एकड़ 1 लाख रुपए से अधिक की आय प्राप्त हो रही है। ग्राम खैरबहार के किसान भवानी पंडा बताते हैं कि वे वर्ष 2015 से खेती कर रहे हैं और धीरे.धीरे जंवाफूल चावल की खेती की ओर बढ़े हैं। वे पूरी तरह जैविक पद्धति से खेती करते हैं, जिसमें रासायनिक खाद या कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता। हरी खाद का उपयोग कर वे खेत की उर्वरता बनाए रखते हैं। भवानी पंडा बताते हैं कि जंवाफूल चावल की खेती से उन्हें पारंपरिक धान की तुलना में अधिक लाभ मिल रहा है। वर्तमान में वे 2 एकड़ में इसकी खेती कर रहे हैं और आने वाले समय में इसे 20 एकड़ तक बढ़ाने का लक्ष्य रखे हुए हैं।


Rera Registration No.
PCGRERA050625001938
Aasma
जिस पर विश्वास एक परंपरा है।
अपने परिवार को नई रजिस्ट्री दरों का तोहफा देकर
अपने परिवार को दें एक ऐसा आसमां
जो दिल को भी भाए और जीवन को भी सजाए।
RERA APPROVED
1600 परिवारों का अटूट भरोसा
प्लाट की क़ीमत
14 लाख से 50 लाख तक
घर की क़ीमत
19.5 लाख से शुरू
AASMA BUILDERS & COLONISERS LTD.
Aasma City, Near Jain International School,
Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)
For More Details Contact
+91 9984999855
+91 9981620000
+91 9755855116
For more information scan this QR code

**खबर संक्षेप**

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में होगा रक्तदान शिविर

**पुसौर।** पुसौर के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 4 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसके लिए बीएमओ डा.विनोद नायक एवं उनके टीम के लोगों ने समुचित तैयारी कर ली है। रक्तदान एक महादान है, दान किए हुए रक्त से कईयों को जीवन दान मिलता है। इसी कडी में रक्त का दान करने से रक्त कमी नहीं बल्कि रक्त बनाने के लिए शरीर को एक नवीन अवसर मिलता है जिसके कारण शरीर एक्टीवेट रहता है।

## प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम खुटगांव निवासी स्व.सुंदरी बाई का झरियाडीपा नाला के पानी में डूबने से 19 नवम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतका के निकटतम वारिस उनके पुत्र राधेराम हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## हत्या के मामले में आरोपी दंपती गिरफ्तार, गए जेल

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी युवक की हत्या करने तथा शव को घर में दफन करने के मामले में पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दंपति को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक 31 मार्च की रात भगवानपुर खुर्द निवासी मिथलेश कुजूर थाना गांधीनगर आकर बताया कि 7 दिन पूर्व रात में गांव के बृजलाल अगरिया उसके घर आया था और शराब पीने के लिए अपने घर चलने का जिद करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान बृजलाल अगरिया ने मिथलेश का मोबाइल को तोड़ दिया जिससे दोनों के बीच मारपीट होने लगा। मिथलेश कुजूर ने बृजलाल अगरिया को लाठी से सिर में जानलेवा हमला कर दिया जिससे बृजलाल की मौत हो गई। मिथलेश कुजूर शव को पत्नी राजकुमारी की सहायता से अपने घर में सूअरों के लिए बनाये गड्ढे में डालकर छिपा दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस आरोपी को साथ लेकर उसके घर गया और शव को गड्ढे से बरामद किया। पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार कर दोनों के विरूद्ध धारा 103 (1), 238, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से पति पत्नी को जेल भेज दिया गया है।

## बाथरूम में गिरा युवक, पानी भरे टब में सिर डूबने से मौत

**अम्बिकापुर।** शीतला वार्ड निवासी विशाल मानिकपुरी आ. कामेश्वर दास (25 वर्ष) सुबह लगभग 9 बजे बाथरूम में आंख मुंह धोने गया था। तभी अचानक चक्कर आने से गिर गया। बाथरूम में गिरने की आवाज सुन बहन नदिनी दास बाथरूम गई तो देखा भाई का सिर पानी भरे टब में डूबा हुआ है। किसी तरह बहन से भाई को बाथरूम से निकाल घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बीती रात युवक शराब पिया था। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## पेड़ से टकराया ट्रेलर लगी भीषण आग

**अम्बिकापुर।** गुरूवार को अम्बिकापुर-रामानुजगंज नेशनल हाईवे क्रमांक 364 स्थित डूमरखी बैरियर के आगे मोड़ पर एक अनियंत्रित ट्रेलर के सड़क किनारे के पेड़ों से टकराने के कारण विपरीत स्थिति निर्मित हो गई। टक्कर के बाद ट्रेलर में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता पाई। गुरूवार को अपराह्न 3 बजे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीआर 5772 डूमरखी बैरियर के आगे हाईवे के मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के विशाल दो पेड़ों से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दुर्घटना के तत्काल बाद ट्रेलर के इंजन से आग की लपटें उठने लगी तथा ट्रेलर धू-धूकर जलने लगा। गनीमत थी कि ट्रक चालक युसूफ अंसारी (32) समय रहते वाहन से कूद गया था।

# जयमरगा के गढ़पहाड़ की गुफा में हैं प्रागैतिहासिक काल के आदिमकालीन शैलचित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


- जिला मुख्यालय जशपुर से लगभग 30 किलोमीटर दूर मनोरा विकासखंड में स्थित है यह पुरातात्विक स्थल
- घने जंगलो में पहाड़ पर चढ़ाई कर पहुंचा जा सकता है गुफा तक

जशपुर की धरती प्राकृतिक सौंदर्यता से परिपूर्णहोने के साथ ही पुरातात्विक दृष्टिकोण से भी समृद्ध है। यहां की प्राकृतिक छटा सहजता के साथ लोगों को आकर्षित करने का माद्दा रखती है। यहां के प्राकृतिक तौर पर निर्मित झरने, गुफाएं एवं पहाड़ों का आकर्षण ऐसा है कि पर्यटक स्वमेव खींचे चले आते हैं।

ऐसी ही खूबसूरती और आकर्षण लिए एक जगह है ग्राम जयमरगा का गढ़पहाड़। यहां पर प्राकृतिक रूप में निर्मित गुफा में आदिमकालीन शैलचित्र पाया गया है। इससे यह ज्ञात होता है कि आदिमानव यहां पर निवास करते रहे होंगे। उनकी बनाई कलाकृति आज भी यहां पर मौजूद हैं। जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर जयमरगा ग्राम है।







### लुनैट, स्क्रैपर, पॉइंट, ट्रैपेज साइड स्क्रैपर, ब्लेड भी मिले

गुफा एक पहरेदारी की जगह जैसी प्रतीत होती है, जहां से प्रागैतिहासिक लोग शिकार के लिए जानवरों पर नज़र रखते थे। यहाँ हेमाटाइट पत्थर भी पाया जाता है, जिसका उपयोग रंग बनाने में होता था। इन चित्रों में कुछ प्रारंभिक काल के हैं और कुछ बाद के। यहां बैल, तेंदुआ, हिरण और मानव आकृतियां बनी हुई हैं। यहां माइक्रोलिथिक उपकरण जैसे लुनैट, स्क्रैपर, पॉइंट, ट्रैपेज, साइड स्क्रैपर, ब्लेड आदि भी पाए जाते हैं, जो शिकार और अन्य कार्यों के लिए प्रयोग किए जाते थे।

### गांव में प्रागैतिहासिक स्थलों की भरमार

पुरातत्त्ववेत्ता डॉ.अंशुमाला तिर्की और बालेश्वर कुमार बेसरा ने बताया कि जयमरगा गाँव में प्रागैतिहासिक स्थलों की भरमार है। यहां पहाड़, जंगल और नदी के कारण प्रागैतिहासिक मनुष्यों के जीवन के लिए आवश्यक भोजन, पानी और आश्रय की उपलब्धता थी। इस गांव में एक प्रागैतिहासिक शैलचित्र गुफा है, जहाँ मध्य पाषाण काल के उपकरण भी मिले हैं। शैलचित्र में मानव आकृतियां, पशु आकृतियां, ज्यामितीय आकृतियां और कुछ अज्ञात आकृतियां दिखाई देती हैं। ये चित्र लाल और सफेद रंग से बने हैं।

### 15 हजार श्रद्धालुओं की मौजूदगी में गूंजा रामनाम, नगर हुआ भक्तिमय

# कलश यात्रा के साथ राम कथा महोत्सव का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी नगर में आयोजित होने जा रहे भव्य संगीतमय राम कथा महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को अत्यंत श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ हुआ। संत बापू चिन्मयानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। कलश यात्रा का शुभारंभ कुनकुरी शिव मंदिर परिसर से हुआ। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मिनी स्टेडियम ग्राउंड (बेमताटोली) पहुंची, जहां कथा का आयोजन होना है। इस दौरान पूरे नगर में "जय श्री राम"और "बजरंगबली की जय" के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।यात्रा में करीब 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विशेष रूप से बड़ी संख्या में माताएं-बहनें सिर पर कलश धारण कर भक्ति में लीन नजर आईं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने पवित्र जल भरकर यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया।भजन-कीर्तन, राम नाम संकीर्तन और धार्मिक ध्वनियों से सजी यह कलश यात्रा नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही।

### विधि विधान से कलश स्थापना

समाजिंक एकता, सद्भाव एवं सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करने का संदेश श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखते ही बन रही थी। कथा स्थल पहुंचने पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ कलश स्थापना की गई, जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। आयोजन समिति के अनुसार, आज शाम 3:00 बजे से संगीतमय राम कथा का विधिवत शुभारंभ होगा, जिसमें संत बापू चिन्मयानंद जी महाराज श्रद्धालुओं को राम कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। राम कथा महोत्सव को लेकर कुनकुरी सहित आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उत्सुक हैं और पूरे आयोजन को लेकर धार्मिक माहौल बना हुआ है। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे अधिक सेप एलएलएम अधिक संख्या में पहुंचकर इस आध्यात्मिक आयोजन का लाभ लें।यह भव्य आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करने का संदेश दे रहा है।

# खाद की कालाबाजारी जमाखोरी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- जिले में उर्वरक नियंत्रण कक्ष गठित

संचालक कृषि छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जिले के किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा उर्वरक की कालाबाजारी, गैर कृषि उपयोग, जमाखोरी, अधिक किमत पर विक्रय जैसे अवैध कार्यवाही रोकने हेतु संलिप्त व्यक्ति-फर्म के विरूद्ध उर्वरक आदेश 1985 के तहत कार्रवाई किये जाने हतु निर्देश दिए गए हैं।

निर्देशों के परिपालन में कृषि विभाग के उप संचालक द्वारा अवैध गतिविधियों को प्रभावी नियंत्रण तथा शिकायतों का निराकरण एवं उर्वरकों का सुचारू रूप से वितरण सुनिश्चित कराने हेतु जिले में उर्वरक नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। जिसमें सहायक संचालक कृषि श्रीमती पंझाबाई पैंकरा को नियंत्रण कक्ष प्रभारी नियुक्त कर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण हेतु संबंधितों को निर्देशित करने कर निराकरण कराने की दायित्व सौंपे गए हैं। इनका संपर्क नम्बर 9669845600 है। इसी प्रकार सहायक सांख्यिकी अधिकारी लीला प्रधान को नियंत्रण कक्ष उप प्रभारी नियुक्त कर नियंत्रण कक्ष प्रभारी के सहयोग एवं शिकायतों के निराकरण हेतु उचित कार्यवाही करने, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को नियंत्रण कक्ष सहायक नियुक्त कर प्राप्त शिकायतों को पंजीबद्ध कर प्रभारी अधिकारी को अवगत कराने और कंप्यूटर ऑपरेटर हरिशंकर बरेठ को

## पीएम जनमन आवास योजना से आदिवासी परिवारों के जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पीएम जनमन आवास योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में निरंतर सुधार हो रहा है और वे सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन जी पा रहे हैं। इसी क्रम में मनोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करादरी के पहाड़ी कोरवा परिवार के कुल्लू राम को पीएम जनमन आवास योजना के तहत पक्का मकान स्वीकृत हुआ है। वर्ष 2023-24 में 2 लाख रुपये की राशि से उनका आवास पूर्ण किया गया है।

# शशिपुर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया धूमधाम से, भक्ति में डूबा क्षेत्र

**चंद्रपुर।** नगर से लगे शशिपुर में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में जय श्री राम और बजरंगबली की जय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर एवं आयोजन स्थल पर उमड़ने लगी, जिससे पूरा गांव आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का मुख्य आयोजन शशिपुर के सामाजिक कार्यकर्ता उमाशंकर देवांगन के घर प्रांगण में किया गया, जहां विराजमान हनुमंत जी महाराज की पूरे विधि.विधान के साथ पूजा.अर्चना की गई। इसके पश्चात नगरवासियों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कियाए जिसमें बड़ी संख्या में महिलाए पुरुष एवं युवा शामिल हुए। सामूहिक पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय और ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। पूजा.अर्चना के बाद मंत्रोच्चारण के साथ भव्य आरती का आयोजन किया गया। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से भगवान हनुमान की आराधना की और सुख.समृद्धि की कामना की। इस दौरान भक्ति गीतों और भजनों ने माहौल को और अधिक भावविभोर कर दिया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे मोहल्ले को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग.बिरंगी झालरों, फूलों की मालाओं और आकर्षक सजावट से सजे परिसर ने कार्यक्रम की भव्यता को कई गुना बढ़ा दिया। स्थानीय लोगों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ आयोजन में भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शशिपुर, चंद्रपुर बस्ती सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद का लाभ उठाया। आयोजक उमाशंकर देवांगन ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जयंती का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।





### संस्कृति नगर कोसीर मे पवनसुत हनुमान जयंती श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया

**कोसीर।** गावं में अत्यंत श्रद्धा भाव व भक्ति के साथ मनाया गया हर वरषो की भाति इस बार भी कोसीर सहित आसपास गावं गावं के मंदिरों और स्थानों पर धार्मिक आयोजनो का कार्यक्रम देखने को मिला सूबह से पूजा पाठ पारंभ होकर देर रात चलता रहा इस विशेष आयोजन मे भक्तो की काफी भीड दिखाई दी पूरा नगर भक्ति मे सराबोर रहा सुबह से ही कोसीर के ऐतिहासिक आदिशक्ति माँ कौश्लेश्वरी के मंदिर मे भक्तों की आना शुरू हो गया था, वही भक्तो ने विधिवत पुजा कर भगवान हनुमान जी से सुख समृद्धि और शान्ति की कामना की वही शाम को भक्तो ने भारी संख्या मे उपस्थित होकर पुरी श्रद्धां भाव के साथ पूजा पाठ करते हुए सुन्दर कान्ड पाठ का आयोजन किया गया ।

# दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत

**जशपुरनगर।** जिले के पत्थलगांव क्षेत्र अंतर्गत काडरों बाजार पारा के पास शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरे और देखते ही देखते पूरा मंजर खून से लाल हो गया। घायल युवक दर्द से कराहते हुए सड़क पर तड़पते रहे, वहीं मौके पर मौजूद लोग सहम गए और कोई समझ ही नहीं पाया कि आखिर क्या किया जाए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइकें तेज रफ्तार में थीं और आमने-सामने भिड़ंत होते ही उनके परखच्चे उड़ गए। हादसे में घायलों के सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिससे भारी रक्तस्राव होने लगा। घायलों में महेशपुर निवासी समारू नाग सहित एक अन्य युवक शामिल है,। इसी बीच एक ऐसा दृश्य सामने आया जिसने पूरे घटनाक्रम को इंसानियत की मिसाल में बदल दिया। पत्थलगांव के एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल कोतबा क्षेत्र के आकस्मिक निरीक्षण से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी नजर सड़क पर पड़े लहूलुहान युवकों पर पड़ी, उन्होंने बिना एक पल गंवाए तुरंत वाहन रुकवाया और खुद मौके पर उतरकर हालात को संभालने में जुट गए। आसपास खड़े लोगों को मदद के लिए बुलाया और दोनों घायलों को सावधानीपूर्वक उठवाया।





### नहीं किया एंबुलेंस का इंतजार

सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने एंबुलेंस का इंतजार करने के बजाय समय की गंभीरता को समझते हुए खुद ही दोनों घायलों को अपनी गाड़ी में बैठाया और सिविल अस्पताल पत्थलगांव के लिए रवाना हो गए। उनकी इस तत्परता के कारण घायलों को समय पर उपचार मिल सका, जो इस तरह के हादसों में सबसे अहम माना जाता है। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू कर दिया और फिलहाल दोनों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

### पूजा अर्चना के बाद सरना स्थल से निकली रैली

# प्रकृति पर्व सरहुल श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

चैत पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को नारायणपुर के हस्तिनापुर स्थित कुडुख उरांव आदिवासी सेवा निकेतन मूली पड़हा में प्रकृति पर्व सरहुल (खद्द परब व धरती पूजा) अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का सरना स्थल की ओर आना शुरू हो गया था और लगभग 10 बजे तक पूरा परिसर जनसमूह से भर गया। इसके बाद विधि-विधान से धरती अयंग (धरती माता) और बिडी बेबारस (सूर्य देव) की पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई।



**कुडुख उरांव समाज के हजारों लोगों ने निकाली रैली:** पूजा-अर्चना के पश्चात सरना स्थल से एक भव्य और आकर्षक रैली निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में कुडुख उरांव समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। महिलाएं पारंपरिक साड़ी और आभूषणों से सजी हुई थीं, वहीं पुरुष भी अपने पारंपरिक पहनावे में मांदर, ढोल और नगाड़े बजाते हुए नृत्य कर रहे थे। रैली सरना स्थल से प्रारंभ होकर चराईमारा शिव मंदिर, चिटकवाइन, अघोर आश्रम, जय स्तंभ चौक, अटल चौक, कन्या शाला, पेट्रोल पंप चौक होते हुए थाना मार्ग से वापस सभा स्थल पहुंची। पूरे मार्ग में जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया और इस पारंपरिक उत्सव की झलक देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगरवासी उमड़े रहे।

### समाज के सभी ने सरखोसी परंपरा का किया निर्वहन

सरहुल पर्व की विशिष्ट परंपरा के अनुसार समाज के महिला-पुरुष, युवा और बच्चे सभी ने अपने कानों में सरई (सखुआ) के फूल धारण कर 'सरखोसी की परंपरा निभाई। यह परंपरा प्रकृति के प्रति सम्मान, ऋतु परिवर्तन के स्वागत और सामुदायिक एकता का प्रतीक मानी जाती है। सरना स्थल पर पूजा के दौरान वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंग में रंगा नजर आया, जहां मांदर और नगाड़ों की धीमी थाप के बीच श्रद्धालु प्रकृति की आराधना में लीन दिखे।

### ताल और लय के साथ सामूहिक नृत्य

रैली के दौरान जिस तरह से ग्रामीण "लय से लय"मिलाते हुए सामूहिक नृत्य कर रहे थे, वह कुडुख उरांव समाज की सांस्कृतिक एकजुटता और जीवंत परंपरा का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रहा था। हर आयु वर्ग के लोगों की सक्रिय भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक संरक्षण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।

# नारायणपुर में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य महाकैंप

**जशपुरनगर।** जिले के ग्राम नारायणपुर स्थित जनसेवा अभेद आश्रम एक बार फिर जनसेवा और मानवता की मिसाल पेश करने जा रहा है। अघोर परिषद ट्रस्ट एवं बाबा भगवान राम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्थापना दिवस के पावन अवसर पर 12 अप्रैल रविवार को एक दिवसीय भव्य निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के अनुभवी और सुविख्यात चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। मरीजों को एलोपैथिक, होम्योपैथिक सहित अन्य चिकित्सा पद्धतियों के विशेषज्ञों द्वारा जांच, परामर्श और उपचार की सुविधा एक ही स्थान पर निःशुल्क उपलब्ध होगी। ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों से आने वाले लोगों के लिए यह शिविर किसी संजीवनी से कम नहीं होगा।



**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस ने किया तमनार में नया कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त

**रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नगेंद्र नेगी द्वारा तमनार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से नया कार्यवाहक प्रभारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वर्तमान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तमनार के कोषाध्यक्ष नरसिंह साहू को कार्यवाहक प्रभारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति तमनार ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष रुपेश पटेल के अपरिहार्य कारणों से क्षेत्र से बाहर रहने की वजह से की गई है, जिससे संगठनात्मक कार्य प्रभावित हो रहे थे। नरसिंह साहू की नियुक्ति लैलूंगा विधायक श्रीमती विद्यावती सिदार, तमनार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सहमति से की गई है।

### सूने मकान में साड़ी का फंदा लगाकर दी जान

**जैजैपुर।** सूने मकान में साड़ी का फंदा लगाकर युवक ने अपनी जान दे दी। घटना जैजैपुर थाने का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कलमी निवासी सोनू यादव पिता फूल सिंह यादव 37 वर्ष अपने ससुराल जैजैपुर वार्ड क्रमांक 8 स्थित सूने मकान पर अपनी पत्नी की साड़ी को फंदा बनाकर फांसी के फंदे पर झूल गया। घर के अन्य सदस्य कोई भी घर पर नहीं थे। पत्नी संतोषी घटना की सूचना थाने में दी सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा शव विच्छेदन पश्चात लाश परिजनों को सौंप दी गई। शव को लेकर परिजन कलमी पहुंच उसका अंतिम संस्कार किया।

### डबल मर्डर केस में पुलिस को मिले अहम सुराग



**जांजगीर-चांपा।** मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी में हुए डबल मर्डर केस में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। एफएसएल, डॉग स्क्वॉड और साइबर टीम की मदद से पुलिस जांच में जुटी है। दम्पत्ति के पहचान के ही लोगों द्वारा वारदात को अंजाम देने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा किया है। ग्राम खपरी में घर में सो रहे बुजुर्ग दम्पत्ति की मंगलवार की रात हत्या कर दी गई। अपराधियों ने संतराम साहू (65 वर्ष) और उनकी पत्नी श्याम बाई साहू (61 वर्ष) की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की। बुधवार 1 अप्रैल की सुबह जब बड़ा बेटा किसी काम से घर पहुंचा तो अंदर एक ही कमरे में संतराम साहू और श्याम बाई की रक्त रंजित लाश मिली। घर में दोनों बुजुर्ग ही रहते थे। उनके दो बेटे हैं जो अपने अपने परिवार के साथ गांव में ही अलग अलग घरों में निवास करते हैं। घटना की सूचना पर मुलमुला पुलिस के साथ ही एफ एस एल टीम और डॉग स्क्वॉड ने भी मौके पर पहुंच कर जांच की। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय भी घटनास्थल पहुंचे थे। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। आसपास के सीसी टीवी खंगाले गए हैं।

### गैस सिलेंडर की किल्लत से ग्रामीण एरिया में भी मची है मारामारी

# गैस एजेंसी ने रोकी होम डिलीवरी सिलेंडर के लिए उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

नगर की प्रमुख विभूति इंडेन गैस सर्विस द्वारा होम डिलीवरी बंद करने से शहरवासियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बीते कुछ दिनों से उपभोक्ताओं को उनके घर तक सिलेंडर नहीं मिल पा रहे है। होम डिलीवरी की बजाय एजेंसी द्वारा मंगल बाजार और टाउन हॉल मैदान में गैस सिलेंडर बांटे जा रहे हैं जिसके कारण उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार एजेंसी ने बिना किसी पूर्व सूचना के घर-घर सिलेंडर पहुंचाना बंद कर दिया है। इसका सीधा असर मध्यमवर्गीय परिवारों और कामकाजी लोगों पर पड़ा है। लोग ऑटो, साइकिल और मोटरसाइकिल पर खाली सिलेंडर लादकर घंटों लाइन में लगने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं को घर तक सिलेंडर लाने के लिए खुद के वाहन या ऑटो का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। भीड़ के कारण लोगों को अपने जरूरी काम और ड्यूटी छोड़कर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। अकेले रहने वाले बुजुर्गों के लिए भारी सिलेंडर उठाकर लाना लगभग असंभव हो गया है।




**बुकिंग हुआ, कब मिलेगा पता नहीं**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर बार बुकिंग के समय उनसे होम डिलीवरी शुल्क भी लिया जाता है, फिर भी उन्हें सेवा नहीं मिल रही है। भीड़ इतनी अधिक है कि कई बार घंटों इंतजार के बाद भी लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। मौके पर मौजूद एक उपभोक्ता ने बताया कि बुकिंग करे दस दिन हो गए है, लेकिन सिलेंडर कब मिलेगा इसके बारे में एजेंसी वाले नहीं बता पा रहे हैं। इस कारण धूप में सिलेंडर ढोकर रोज लाना पड़ रहा है जो हमारे लिए बहुत कष्टदायक है।



**प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग**

नगर के नागरिकों ने स्थानीय प्रशासन और खाद्य विभाग से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि एजेंसी के पास स्टाफ की कमी है या कोई अन्य तकनीकी समस्या है तो उसका समाधान जल्द किया जाना चाहिए ताकि आम जनता को इस परेशानी से निजात मिल सके। फिलहाल इस मामले में एजेंसी प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।



# टीएफसी की टीम ने दी दबिश, 8 ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

जिले में अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई किया है। सरिया तहसील के ग्राम कटंगपाली में टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने दबिश देकर डोलोमाइट का अवैध परिवहन कर रहे 08 ट्रैक्टरों को जब्त किया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय खनिज माफियों में हड़कंप मच गया है और अवैध कारोबारियों में खौफ का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगपाली मौहापाली क्षेत्र लंबे समय से अवैध डोलोमाइट उत्खनन और परिवहन का गढ़ बना हुआ है। । लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए टास्क फोर्स, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मौके पर डोलोमाइट से लोड 08 ट्रैक्टर पकड़े गए। चालकों से खनिज परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वे कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद प्रशासन ने सभी ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना प्रभारी सरिया के सुपुर्द कर दिया। जब्त वाहनों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसका प्रतिवेदन जिला खनिज विभाग को भेजा जाएगा। जहां से जुर्माना एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई को लेकर तहसीलदार सरिया कोमल प्रसाद साहू ने कहा कि सरिया क्षेत्र में अवैध खनिज माफियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। आज 08 ट्रैक्टरों की जब्ती केवल शुरुआत है, आगे भी लगातार कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## गुप्तेश्वर मंदिर में अन्नपूर्णा महायज्ञ का उद्यापन



**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र का स्वयंभु बाबा गुप्तेश्वर मंदिर कलमी को जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर में स्थित भगवान महादेव के लिंग वहीं स्थापित थे जिन्हें लोगों को सपने में जानकारी होने पर उसे उकेरा गया और वहीं मदिर बनाया गया। उक्त मंदिर में लगभग 42 वर्ष पूर्व पुसौर के प्रतिष्ठित पुरोहित पं. विजय शंकर सतपथी जिन्हें खुर्शु महाराज के नाम से जाना जाता है इन्हौने मां अन्नपूर्णा महायज्ञ का शुभारंभ किया। अपने जीवित अवस्था पर्यन्त उक्त यज्ञ में संचालित करते रहे। तात्कालीन समय में श्रद्धालुओं की संख्या बहुत कम रही बावजूद इसके इन्हौने लोगों को जोडने में कामयाब रहे। चूंकि इस कार्यक्रम में कर्म दक्षिणा की इच्छा बिल्कुल नहीं थी बल्कि स्वयं इसमें अपने स्वयं के अंश उपयोग में लाए। इसमे मुख्यतः कृष्ण महाणा, सीताराम पंडा सहित क्षेत्र कुछ गणमान्य गण षामिल रहे और यह महायज्ञ जारी रहा। बताया जाता है कि लगातार 21 वर्ष तक इनके द्वारा यह महायज्ञ संपन्न हुआ इसके बाद छिछोर उमरिया के मनोहर डाक्टर एवं उनके टीम के लोग सुटुपाली के उमेश महाराज के आचार्यत्व में लगातार यह कार्यक्रम जारी रहा जिसका उद्यापन कार्यक्रम बिते गुरूवार को सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में पुसौर के नगर अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी, पुर्व उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, एवं प्रधान शिक्षक एवं अधिमान्य पं. मोहन सतपथी अपने अपने परिवार के साथ इसमें शामिल होने की खबर हैं। उद्यापन कार्यक्रम को लेकर डा. मनोहर गुप्ता व सहयोगी रूपधर गुप्ता ने बताया कि खुर्शु महाराज द्वारा संचालित उक्त अन्नपुर्णा महायज्ञ अत्यंत भावपुर्ण, श्रद्धायुक्त एवं कारगर है।

# शिव महापुराण कथा में उमड़ रही भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

**भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई शिव महापुराण कथा**





नगर के मां चंद्रहासिनी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा इन दिनों आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनी हुई है। निषाद समाज चंद्रपुर एवं समस्त नगरवासियों के सहयोग से हो रहे इस भव्य धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान शिव की महिमा का श्रवण कर रहे हैं। कथा का आयोजन प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव से शामिल होकर पुण्य के भागी बन रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 अप्रैल, को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं, वहीं पुरुषों एवं युवाओं ने भी बढ़.चढ़कर भाग लिया। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह.जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पूरे नगर में श्हर.हर महादेवश और बोलबम के जयघोष से वातावरण शिवमय हो गया। कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथा व्यास पंडित खीरसागर महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। उनके ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचनों से श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। कथा में शिवलिंग की उत्पत्ति, शिवलिंग पूजन की विधि, देवर्षि नारद के मोह का प्रसंग धन के देवता कुबेर का पूर्व चरित्र संध्या देवी की कथा, माता पार्वती के प्राकट्य एवं भगवान शिव.पार्वती विवाह महोत्सव का अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक वर्णन किया जा रहा है। इसके अलावा कथा में भगवान कार्तिकेय एवं श्री गणेश जी के प्राकट्य और उनकी बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया जा जाएगा, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव.विभोर हो उठते हैं। भगवान शिव द्वारा सृष्टि की रचनाए बाणासुर की दिव्य कथा, शिव के विभिन्न अवतारों की महिमा तथा द्वादश ज्योतिर्लिंगों के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला जाएगाए जिससे श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति हो रही है। धार्मिक आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग पूजन, सहस्त्र बिल्वपत्र अर्पण, गीता पाठ, हवन एवं विशेष पूजा.अर्चना की जा रही है। इसके साथ ही सभी श्रद्धालुओं के लिए शाम को प्रसाद वितरण की भी उत्तम व्यवस्था की गई है जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर प्रसाद ग्रहण कर रहे है। निषाद समाज चंद्रपुर ने सभी श्रद्धालु शिव भक्तों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य शिव महापुराण कथा का श्रवण करें। भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करें और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## करन को मिला 99.58 प्रतिशत तो टिंकल ने हासिल किया 95.42 फीसदी अंक, टॉप 10 में बनाई जगह

**कोसीर।** अगर दिल मे कुछ करने की जज्बा हो तो हर मुस्किल काम आसान हो जाता है और वही कर के दिखाया गावं के रहने वाले मध्यम वर्गीय परिवार के करन बीर दिवान व टिंकल चौहान ने। अशोका पब्लिक स्कूल सारंगढ़ में पढ़ने वाली होनहार छात्र करन बीर दिवान गावं सुवाताल व छात्रा टिंकल चौहान गाव बोरिदा ने कक्षा 5वीं में शानदार प्रदर्शन करते हुए करन ने 99.58 प्रतिशत व टिंकल ने 95.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप.10 सूची में पहला और 9वां स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। आज के दौर में जहां शिक्षा पूरी तरह कम्पटीशन का रूप ले चुकी है, वहां छोटी गाव के करन व टिंकल की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का जीता.जागता उदाहरण है। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की है। करन बीर के पिता अगर दास दिवान मानिकपुरी समाज का ब्लॉक अध्यक्ष है वही टिंकल चौहान के पिता नरेश चौहान, जो अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष हैं, उनकी इस उपलब्धि पर समाज और विभिन्न संगठनों के लोगों द्वारा लगातार बधाइयों का तांता लगा हुआ है।





## बरमकेला क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव की धूम

**बरमकेला।** नगर पंचायत बरमकेला सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन अभूतपूर्व भव्यता, उत्साह और जनभागीदारी के साथ किया गया। पूरा नगर मानो भगवान हनुमान की भक्ति में सराबोर हो गया।

सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विधि.विधान से पूजा.अर्चना, सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा और भजन-कीर्तन के आयोजन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा इस आयोजन का सबसे प्रमुख आकर्षण रही। रैली में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, युवा, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। नगर के मुख्य मार्गों से गुजरती इस शोभायात्रा ने पूरे बरमकेला को एक धार्मिक उत्सव स्थल में परिवर्तित कर दिया। इस शोभायात्रा की सबसे खास बात रही इसमें शामिल भव्य और विशाल प्रतिमा, प्रभु श्रीराम, माता काली और भगवान नरसिंह की मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रतिमाओं की भव्यता और सजावट ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया और लोगों ने श्रद्धा भाव से दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।




**बच्चों की झांकियों ने जीता दिल**-रैली में छोटे.छोटे बच्चों की भागीदारी ने आयोजन में विशेष आकर्षण जोड़ दिया। बच्चे बाल हनुमान, मां दुर्गा, प्रभु श्रीराम और माता सीता के रूप में सजे नजर आए। उनकी वेशभूषा, मासूम भाव और धार्मिक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। लोगों ने इन बच्चों को देखकर न केवल खुशी जताई बल्कि उनके साथ फोटो और वीडियो भी बनाए।

## दीनेश्वर महादेव मंदिर में मना हनुमान जन्मोत्सव



**रायगढ़।** शहर के हंडी चौक स्थित प्राचीन दीनेश्वर महादेव मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमत जन्मोत्सव मनाया गया। पूज्य गुरुदेव ब्रम्हलीन स्वामी नरहरि दास जी महाराज द्वारा स्थापित वैदिक सनातन परंपरा अनुसार श्री रामभक्त अंजनी सूत हनुमान जी का प्राकट्य दिवस हनुमत जन्मोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। हनुमत जन्मोत्सव का समय सुबह सूर्योदय समय 5.50 पर था। जन्मोत्सव के बाद हनुमत आरतीए स्तुति व क्षमायाचना के बाद भक्तों को हनुमत जन्मोत्सव का प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद मंदिर परिसर में रामचरित मानस का भजन मंडली द्वारा और शिष्यगणों द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। पूज्य गुरुदेव जी द्वारा स्थापित बाल हनुमान जी की अति प्राचीन दिव्य किलकित मुद्रा का जन्मोत्सव से पहले विशेष श्रृंगार किया था। सुबह जन्मोत्सव के बाद जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयकारे भक्तों ने लगाए और फिर बाल हनुमान का भोग पंजरी ओर सवा मनी के साथ पंचामृत वितरण किया गया।

## युवा समिति ने किया 1008 हनुमान चालीसा पाठ

**पुसौर।** बस स्टैण्ड परिसर में स्थापित हनुमान मंदिर में हनुमान प्राकट्य दिवस पर गणेश युवा समिति के सदस्यों द्वारा 1008 आवृति हनुमान चालीसा पाठ किया गया। यह कार्यक्रम ज्योतिष मुहूर्त अनुसार ठीक साढ़े 6 बजे प्रारंभ किया गया। जिसमें मुख्यतः लक्ष्मी थवाईत, किसलय किशोर, संतोष यादव, गणेशराम यादव, मधुसुदन षड़ंगी, मनोज साहू, संजू यादव आदि उपस्थित रहे। बीच बीच लोग चालीसा पाठ संपन्न करने आते एवं जाते रहे। इस अवसर पर आद्या पटेल का जन्मोत्सव भी पंचतत्वों/जल पुथ्वी अग्नि वायु एवं आकाश/ का पूजन कर मनाया गया। उपस्थित लोगों के द्वारा वेद मंत्रों के साथ आशीर्वाद दिया गया। श्रीराम रक्षास्तोत्र का पाठ कर आरती की गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। ज्ञात हो कि हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस से ही प्रतिवर्ष पणा संक्रान्ति एवं हनुमान प्राकट्य दिवस सहित अन्य प्रमुख पर्वो पर यहां ऐसे कार्यक्रम होते रहे है। जिसमें आसपास के श्रद्धालुओं के साथ अन्य राहगीरों को भी शांति प्रदान करता है।

## दिव्यांग बच्चों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**कोसीर।** सारंगढ़ में हनुमान जयंती प्राकट्य उत्सव का आयोजन प्रांजल विशेष स्कूल में किया गया। जहां दिव्यांग बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने हनुमान जी के बाल रूप को धारण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और हनुमान जी के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बच्चों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और राम भजन गाया। बच्चों को हनुमान जी के चरित्र को आत्मसात करने और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दिलाया। दिव्यांग बच्चों की हनुमान चालीसा पाठ से स्कूल परिसर गुंजायमान रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट:- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### मजदूरों का छीन रहे हक, जनप्रतिनिधियों की मनमानी

# मनरेगा का काम कर रहा जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत बिलाईगढ़ की ग्राम पंचायत कैथा में रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्राम के बेलभाठा क्षेत्र में लगभग 1 हजार मीटर लंबी नाली निर्माण को नियमों की अनदेखी करते हुए ग्राम पंचायत के द्वारा जेसीबी मशीन से कराया गया। जहां एक ओर सरकार मनरेगा के माध्यम से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है, वहीं दूसरी ओर पंचायत स्तर पर ही इस योजना की मंशा पर पानी फेरा जा रहा है। आरोप है कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा मशीनों का उपयोग कर ग्रामीण मजदूरों का रोजगार छीन लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनरेगा के तहत कार्य जाने वाली कार्यों में मशीनों के उपयोग पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध है। इसके बावजूद बेलभाठा में नाली निर्माण कार्य हेतु जेसीबी के माध्यम से खुदाई कराया गया, जिससे गांव के मजदूरों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही कार्य मजदूरों से कराया जाता तो उन्हें रोजगार मिलता और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि बिना किसी वैधानिक अनुमति के मशीनों से कार्य कराने की अनुमति किसने दी। साथ ही यह भी स्पष्ट नहीं है कि इस कार्य का भुगतान किस मद से किया जाएगा, जिससे वित्तीय अनियमितताओं की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। ग्राम पंचायत कैथा के सरपंच दुष्यंत खुंटे एवं सचिव से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं उपसरपंच दशरथ साहू ने स्वीकार किया कि बेलभाठा में नाली निर्माण के लिए जेसीबी का उपयोग किया गया है। यह कार्य किस योजना और मद से किया गया, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

## पंजरी प्लांट के रास्ते में ठेला, राहगीरों को हो रही परेशानी



**रायगढ़।** पंजरी प्लांट रोड पर कई महीनों से सुचेतना महिला समिति का गुपचुप ठेला बीच सड़क पर खड़ा है। इस कारण मोहल्ले के लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही है। ठेला हटाने के लिए यदि कोई बोलता है तो उससे विवाद किया जाता है। ऐसे में वहां का माहौल भी खराब हो रहा है। नगर निगम के कर्मचारियों को भी इसकी जानकारी है, लेकिन ठेला वहां से हटाया नहीं जा रहा है। हालात यह है कि आए दिन यहां लोग दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं। निगम के कर्मचारियों का इधर ध्यान ही नहीं है। इसके कारण लोग सड़कों पर ही ठेला गुमटी लगाकर सड़क जाम कर रहे हैं।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त